Regarding need to expedite tender process for establishment of medical college in Gondia district, Maharashtra-laid

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया)**:** देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी के सार्थक प्रयास से मेरे लोकसभा क्षेत्र भंडारा-गोंदिया के अंतरगत कुडवा, जिल्हा गोंदिया में जल्दी ही मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्य शुरू होने वाला है लेकिन अभी तक सरकारी मेडिकल कॉलेज, गोंदिया के लिए निविदा प्रकिया को महाराष्ट्र राज्य द्वारा अंतिम रूप नहीं दिया गया है जिसके कारण इस अति महत्वपूर्ण प्रकल्प में विलम्ब हो रहा है । मेरा माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध है कि वे महाराष्ट्र राज्य सरकार से इस सम्बन्ध में जल्दी से जल्दी बात करके सरकारी मेडिकल कॉलेज, गोंदिया के लिए निविदा प्रकिया को अंतिम रूप देने और मेरे संसदीय क्षेत्र भंडारा-गोंदिया में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास अपने शुभ हाथो से करने की कृपा करें ।